प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काकोरी कांड की सौवीं वर्षगांठ पर क्रांतिकारियों को अर्पित की श्रद्धाजंलि : कहा– सशक्त और समृद्ध भारत के उनके सपनों को पूरा करने के लिये सदैव करते रहेंगे काम।
2. वायु सेना प्रमुख ए. पी. सिंह ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पांच लड़ाकू विमानों सहित छह पाकिस्तानी विमान मार गिराये।
3. प्रदेशभर में पारम्परिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है भाई–बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन : बसों में महिलाओं को कल रात 12 बजे तक मिलेगी निशुल्क यात्रा की सुविधा। और
4. राज्य में बारिश का सिलसिला जारी : गंगा, रामगंगा और घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर, चौबीस जिले बाढ़ प्रभावित।

——————————

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के सिलसिले में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये गये, जिसमें स्वाधीनता के लिये अपने प्राण न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारियों को याद किया गया। इसो क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि काकोरी में औपनिवेशिक शोषण के

खिलाफ आवाज उठाने वाले और अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले देशभक्तों को इतिहास सदैव याद रखेगा।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज ही के दिन सौ साल पहले, काकोरी में देशभक्त भारतीयों द्वारा दिखाए गए साहस ने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध जन आक्रोश को उजागर किया था। उनकी वीरता को भारतवासी सदैव याद रखेंगे और उन क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेते हुए हम सभी एक सशक्त और समृद्ध भारत के उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माँ भारती के सपूतों की यह शौर्य गाथा देशवासियों के लिए प्ररणापुंज है। इन वीरों का त्याग और राष्ट्रप्रेम सदैव हमं राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने के लिये प्रेरित करता रहेगा।

इसो क्रम में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने आज लखनऊ के कोको कोरा आर्ट गैलरी में दस्तावेज नाम से एक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। यह नुमाइश 12 अगस्त तक जारी रहेगी।

———————

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पाँच लड़ाकू विमान मार गिराए। बेंगलुरु में आज आयोजित एक कार्यक्रम में वायु सना प्रमुख ने कहा कि भारत ने

पाकिस्तानी वायु सेना के पाँच विमान और एक अवाक्स विमान मार गिराया। उन्होंने शाहबाज़ जैकबाबाद हवाई अड्डे पर हुए हमलों का भी ज़िक्र किया, जिसमें भारतीय मिसाइलों ने एफ–16 जैसे कुछ विमानों को नष्ट कर दिया था।

एयर चीफ मार्शल श्री सिंह ने बताया कि भारतीय हमले सोच–समझकर किए गए थे और तीनों सेनाओं के बीच पूर्ण समन्वय था।

———————————

आज श्रावण मास की पूर्णिमा पर प्रदेशभर में रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास और पारम्परिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर बहने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और उनकी लम्बी उम्र की कामना करती है। शिव नगरी वाराणसी में भाई–बहन के अटूट प्रेम का यह त्यौहार उल्लास के साथ मनाया गया। एक रिपोर्ट....

*धर्म और बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में भाई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया, बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनसे रक्षा का वचन लिया, वहीं पर बाबा विश्वनाथ को भी राखी बांधी गई। वाराणसी में बाढ़ को देखते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बाढ़ राहत शिविर में जाकर छोटी बच्चियों से राखी बंधवाई और उनको उपहार वितरित किया, वाराणसी के सेंटल जेल बंद कैदियों को भी दूर–दराज से आई बहनों ने राखी बांधकर उनको अब से एक अच्छा जीवन बिताने की नसीहत दी। रक्षाबंधन पर्व के कारण बाजारों में मिठाई और खानपान की दुकानों पर भी दो दिनों तक खासी रौनक रही। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

**अयोध्या में भी रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। एक रिपोर्ट......**

*श्री श्रृंगी ऋषि आश्रम से बहन शांता देवी की भेजी गयी राखी प्रभु रामलला सरकार ने धारण कर लिया है,इस विशेष राखी को श्रंगार आरती के बाद पुजारी ने रामलला के हाथों पर वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ शोभायमान किया। इसे कल भगवान श्री राम की बहन शांता के पिंडी पर पूजन के बाद शोभायात्रा निकालकर कारसेवक पुरम में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंप दिया गया था। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

**मथुरा–वृंदावन में रक्षाबंधन पर्व के दौरान अपने आराध्य को रक्षा सूत्र अर्पित करने के लिये श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ...........**

*धार्मिक नगरी मथुरा–वृन्दावन में चहुं ओर रक्षाबंधन पर्व का उत्साह है। इस मौके पर देशभर से बहनों ने अपने आराध्य को राखियां भेजी। वहीं बड़ी संख्या में युवतियों ने ठाकुर जी को राखी बांधी। विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब लाखो की संख्या में उमड़ा। यहां सबसे पहले बहनो ने अपने आराध्य ठाकुर जी को राखी अर्पित कर खुशी से झूम उठी। इसके अलावा अन्य प्रमुख मंदिरों– गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, गोकुल नगरी सेमरी, और बलदेव में श्रद्धालु बहनों ने अपने अपने आराध्य का दर्शन कर राखी बाँधी और पुण्य कमाया। मुहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

**राज्य सरकार ने रक्षाबंधन पर्व पर बहनों को उपहार स्वरूप बसों में एक सह यात्री सहित मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। महिलाओं को नगरीय और परिवहन निगम की बसों में यह सुविधा कल रात 12 बजे तक मिलेगी।**

————————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

राज्य सरकार की विकासोन्मुखी और व्यवहारिक नीतियों से प्रदेश के महत्वपूर्ण धार्मिक नगरों में हस्तकला आधारित पर्यटन को नया आयाम मिल रहा है। एक रिपोर्ट...

*देश विदेश के सैलानी काशी, अयोध्या और प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों के साथ–साथ हस्तकला की दृष्टि से महत्वपूर्ण मिर्जापुर, आगरा, भदोही और वाराणसी भी जा रहे हैं। वहां सैलानियों के पहुंचने से स्थानीय कारीगरों को सीधे फायदा हो रहा है और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। पर्यटकों को दस्तकारों को काम करते देखना, बारीक डिजाइन और परम्परागत बुनाई तकनीक को समझना एक अलग अनुभव देता है। इन जगहों पर सैलानियों की बढ़ती संख्या न सिर्फ हमारी सांस्कृतिक विरासत को उजागर कर रही है, बल्कि स्थानीय कारीगरों और व्यवसायों के लिये भी नई उम्मीद जगा रही है। इन स्थानों पर कालीन, मूर्तिकला और परिधानों का सालाना टन ओवर लगातर बढ़ रहा है। सैलानियों की बराबर आवाजाही के मद्देनजर राज्य सरकार पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं का विस्तार कर रही है और स्थानीय पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में लगी हुई है। समाचार कक्ष से फजल इनाम।*

————————

प्रदेश में लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं मं गंगा और रामगंगा, बलिया में घाघरा और टोंस नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं बाराबंकी मं घाघरा और अयोध्या में सरयू नदियों का जलस्तर स्थिर है। राज्य के 24 जिले बाढ़ की चपेट में है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव कार्य तेज कर दिये गये हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है और स्थानीय लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। बदायूं में बारिश से गंगा और रामगंगा नदी उफान पर है और कई गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। एक रिपोर्ट....

*नरौरा बैराज और बिजनौर से पानी छोड़े जाने के बाद बदायूं जिले में गंगा और रामगंगा नदियां उफान पर हैं। बदायूं के कछला गंगा घाट का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। गंगा किनारे बसे हुसैनपुर खेडा, ढक नगला, चंदनपुर, पिपरौल, खजुरारा, भैंसोरा, सरौता, पंखिया नगला, बहोरन नगला, ननाखेड़ा आदि गांव में बाढ़ के पानी ने दस्तक दे दी है। इधर रामगंगा नदी किनारे के कई गांव के आस पास बाढ़ का पानी पहुंच गया है। जिलाधिकारी अवनीश राय लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और प्रभावित ग्रामीणों को मदद मुहैया करा रहे हैं। प्रशासन की तरफ से गंगा, रामगंगा किनारे के गांवों में अलर्ट घोषित किया गया है। मोहम्मद नईम, आकाशवाणी समाचार बदायूं।*

बलिया में गंगा, सरयू टोंस नदियों क उफान से जिले के 92 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। एक रिपोर्ट.....

*बलिया जिले में गंगा और सरयू–घाघरा और टोंस नदियों का*

*जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। नदियों के उफान से जिले के 92 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। तुर्तीपार में भी घाघरा नदी का जलस्तर खतरा बिन्दु से ऊपर बहने के कारण अगल बगल के लोग प्रभावित हो गए हैं। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और ओम वीर सिंह बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। बाढ़ से तहसील सदर और तहसील बैरिया के 92 गांव प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही के लिए 375 नावें चलाई जा रही हैं। इसके अलावा एसडीआरएफ, फ्लड पीएसी और एनडीआरएफ की टीमें भी तैनात हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण जेनरेटर से प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विनय कुमार, आकाशवाणी समाचार, बलिया।*

**उधर, मुरादाबाद जिले की कांठ और भीकनपुर तहसील के 67 गांव बाढ़ से प्रभावित है।**

**(समाप्त)**